हेवी इंजिनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
जन सम्पर्क विभाग

एच.ई.सी.

Heavy Engineering Corporation Ltd.
(A Government of India Enterprise)
Public Relation Department
ई-मेल / E-mail: pro@hecltd.com

प्रेस विज्ञप्ति

एच.ई.सी. निगम में हिन्दी दिवस सह हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ

राँची : 14.09.2020 : आज विधिवत हिन्दी दिवस सह हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ एच0ई0सी0 के निदेशक मण्डल व वरीय अधिकारीयों के करकमलो से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जो दिनांक 28–09–2020 तक चलेगा । इस अवसर पर हिन्दी के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए निदेशक मण्डल ने अपने–अपने महत्वपर्णू सुझाव दिये।

श्रीमती अरुन्धति पण्डा, निदेशक(वित्त) ने अपने सुझाव भाषण में कहा कि हिन्दी एक सरल व सुगम भाषा है। इस भाषा के माध्यम से तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासकीय कार्य सम्पन्न किया जा सकता है । इसे ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाना चाहिए । उन्होनें कहा कि प्रतियोगिताओं से हिन्दी के बढ़ावा में बड़ी सार्थक सिद्ध होतीं हैं । निगम में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए । इसके बाद डॉ0 राणा एस0 चक्रवर्ती, निदेशक (विपणन एवं उत्पादन) ने अपने सम्बोधन मे कहा कि हिन्दी राष्ट्रीय एकता की कड़ी एवं राष्ट्रीयता का एक सशक्त माध्यम है। श्री अरविन्द प्रसाद, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी ने अपने विचार को रखते हुए कहा कि हिन्दी संघ की केन्द्रीय भाषा है इसमे कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। आज हिन्दी में कार्य करना बेहद आसान है । केवल मानसिकता में बदलाव लाने की जरुरत है । उसके बाद श्री दीपक दुबे, मुख्य कार्मिक व प्रशासन ने भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय भारी उद्योग विभाग द्वारा प्रषित संदेश को उपस्थित जन समूह के समक्ष पढ़कर सुनाया।

श्री जी0पी0सिंह, वरीय उप महा प्रबंधक राजभाषा प्रभारी ने अपने स्वागतीय भाषण में कहा कि निगम में अधिकारियों कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को हिन्दी के प्रति जागरुक एवं झिझक दूर करने के लिए नई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है जो ऑन–लाईन आयोजन है । जिसे ई–मेल व लिफाफा बन्द के माध्यम से राजभाषा विभाग को भेजा जाना है। प्रतियोगिताएँ निम्नलिखित हैं –

क्रम सं.	प्रतियोगिता का नाम	विषय	जमा करने की तिथि
1.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता	समाज में कोरोना के कारण परिवर्तन – 500 शब्द	14.09.20 को संध्या 05.00 बजे
2.	हिन्दी टिप्पण प्रारुप लेखन	कोरोना के कारण उत्पादन पर प्रभाव – एक पृष्ठ	15.09.20 को संध्या 05.00 बजे तक
3.	कविता लेखन	दो स्वरचित कविताएं – लिखकर	21.09.20 को संध्या 05.00 बजे तक
4.	स्लोगन लेखन	एच.ई.सी. के उत्पादों का देश हित में उपयोगिता – कम से कम दो	22.09.20 को संध्या 05.00 बजे तक

सभा के अन्त में धन्यबाद ज्ञापन करते हुए श्री दीपक दुबे, मुख्य कार्मिक व प्रशासन ने हिन्दी के प्रयोग को कार्यालय कार्य में प्रमुखता से अपनाने पर बल दिया ।

मंच का संचालन हिन्दी अधिकारी श्री अनिल कुमार ने किया ।

कम्पनी सचिव एच.ई.सी.